अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ0 प्र0, लखनऊ
Atal Bihari Vajpayee Medical University, U.P., Lucknow

पत्रांक : 3125 / कुलसचिव / अ0बि0वा0चि0वि0 / 2026,     दिनाँक : 14-08- 2026

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य
समस्त राजकीय तथा निजी मेडिकल / डेन्टल / नर्सिंग / एलाइड एण्ड हेल्थकेयर कालेज,
(सम्बद्ध अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ0प्र0, लखनऊ)

विषयः—महिला संकाय सदस्यों एवं छात्राओं की परीक्षा संबंधी शिकायतों के निवारण हेतु हेल्प लाइन नंबर के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपयुक्त विषय के सन्दर्भ मे अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय प्रशासन महिला सुरक्षा गरिमा और उनके अधिकारों के प्रति अत्यंत संवेदनशील है। इस विश्वविद्यालय से सम्बद्व संस्थान / कॉलेज में कार्यरत सभी महिला संकाय सदस्यों और अध्ययनरत छात्रओं को एक सुरक्षित, निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण प्रदान करना विश्वविद्यालय की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

इस उद्वेश्य के तहत यदि किसी भी संस्था / कालेज की महिला संकाय सदस्यों या छात्रा को किसी भी प्रकार की परीक्षा संबंधी समस्या प्रताड़ना या शिकायत दर्ज करानी हो तो वे सीधे विश्वविद्यालय द्वारा जारी किए गए निम्नलिखित नम्बर पर संम्पर्क कर सकती हैः—

**शिकायत हेल्पलाइन नंबर निम्नलिखित हैः—9196599183** (समय प्रातः 10:00 से सायं 05:00 बजें तक)

अतः मा0 कुलपति महोदय के निर्देशन के कम में आपसे अनुरोध है कि इस सूचना को अपने संस्था / कालेज के नोटिस बोर्ड वेबसाइट और अन्य प्रमुख स्थानों पर अनिवार्य रुप सें प्रदर्शित करें ताकि सभी महिला कर्मचारियों और छात्राओं तक यह जानकारी पहुॅच सकें। इस नंबर पर प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों को पूरी तरह से गोपनीय रखा जायेगा।

भवदीय

(श्रीमती ज्योत्सना )
कुलसचिव

**पत्रांक एवं दिनांक उपर्युक्त**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. अधिष्ठाता, (मेडिकल / दन्त संकाय / नर्सिंग / एलाइड एण्ड हेल्थकेयर कालेज) अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ0प्र0 लखनऊ।
2. परीक्षा नियंत्रक, अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ0प्र0 लखनऊ।
3. निजी सचिव, मा0 कुलपति, अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ0प्र0 लखनऊ।

कुलसचिव

CIRCULATE
14/8/26

C G City, Sultanpur Road, Lucknow-226002
Email: registrar@abvmuup.edu.in, http://abvmuup.edu.in, 09151024468